Seventeenth Loksabha

an>

Title: Demand to expedite the implementation of Jal Jeevan Mission Yojana in Srikakulam Parliamentary Constituency, Andhra Pradesh.

श्री राम मोहन नायडू किंजरापु (श्रीकाकुलम): महोदय, केंद्र सरकार की जल जीवन मिशन योजना बहुत अच्छी है, जिससे देश में हर घर को पानी देने की व्यवस्था की जा रही है । यह मिशन हमारे प्रधान मंत्री जी ने लाल किले से 15 अगस्त, 2019 में शुरू किया था । उस समय मेरे जिला श्रीकाकुलम लगभग छह लाख पचास हजार घरों को नल से जल की जरूरत थी । फरवरी, 2022 तक सिर्फ एक लाख छह हजार घरों को ही यह सुविधा मिल पाई है, जोकि केवल 16 प्रतिशत है । मेरे एरिया के बाकी जिलों में देखें तो 30 प्रतिशत ज्यादा काम हो रहा है । मेरे क्षेत्र में उद्यानम् जगह है, जहां किडनी समस्या से लोग पीड़ित हैं । पिछले दस सालों में करीब पांच हजार लोग इस समस्या से मर चुके हैं । इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च ने वहां परिशोधन किया और ओपीनियन दिया कि यहां पानी की व्यवस्था बढ़ानी चाहिए ।

मैं केंद्र सरकार से आग्रह करता हूं कि जल जीवन मिशन के तहत श्रीकाकुलम जिले में पूरी तरह से हर घर को नल पहुंचाने का काम जल्द से जल्द किया जाए ।